# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## जुलाई, 2007 सत्र

### गुरुवार, दिनांक 12 जुलाई, 2007

### तारांकित प्रश्नोत्तर

सीमेंट प्लांट की स्थापना एवं विस्तार हेतु प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही

1. (*क्र. 351) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 1-1-2004 से 31-5-2007 की अवधि में रायपुर एवं दुर्ग जिले में नये सीमेंट प्लांट लगाने हेतु किनके-किनके द्वारा आवेदन दिये गये हैं तथा किस-किस सीमेंट प्लांट द्वारा विस्तार हेतु आवेदन दिये गये हैं ? (ख) नये सीमेंट प्लांट लगाने एवं वर्तमान प्लांट में विस्तार हेतु प्राप्त आवेदनों की वर्तमान स्थिति क्या है?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) दिनांक 1-1-2004 से 31-5-2007 तक रायपुर में 8 इकाईयों एवं दुर्ग जिले में 3 इकाईयों द्वारा नये सीमेन्ट प्लांट लगाने हेतु आवेदन दिये गये हैं. इनकी सूची † संलग्न प्रपत्र ''अ'' पर है. रायपुर जिले में 4 व दुर्ग जिले में 1 सीमेंट प्लांट द्वारा विस्तार हेतु आवेदन दिये गये हैं. इनकी सूची † संलग्न प्रपत्र ''ब'' पर है. (ख) नये सीमेंट प्लांट लगाने एवं वर्तमान प्लांट में विस्तार हेतु प्राप्त आवेदनों की वर्तमान स्थिति संबंधी जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''स'' पर दर्शित है. नये सीमेन्ट प्लांट लगाने हेतु प्राप्त आवेदनों में से 6 आवेदनों पर एवं विस्तार हेतु प्राप्त सभी 4 आवेदनों पर एम.ओ.यू. किये गये हैं.

एनीकट निर्माण में एम-15 कांक्रीट पर किया गया भुगतान

2. (*क्र. 409) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले में वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में निर्मित एवं निर्माणाधीन एनीकट का नाम, लंबाई (नदी की चौड़ाई), रैनफोर्समेंट, स्टील की मात्रा डायमीटरवार तथा एम-15 कांक्रीट की मात्रा एनीकटवार बतायें ? (ख) एनीकटवार एवं वर्षवार एम-15 कांक्रीट की कितनी-कितनी मात्रा का भुगतान किया गया है ? (ग) एम-15 कांक्रीट की मिक्स डिजाइन कब-कब प्राप्त की गयी ? क्या मिक्स डिजाइन नहीं करने के एवज में राशि की कटौती की गई ? यदि हां, तो कितनी ? यदि नहीं, तो कटौती नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जावेगी ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) रायगढ़ जिले में वर्ष 2005-06 में कोई निर्मित/निर्माणाधीन एनीकट नहीं था. वर्ष 2006-07 से पांच एनीकट निर्माणाधीन है एवं वर्ष 2007-08 में एक एनीकट का निर्माण प्रारंभ कराया गया है. एनीकटवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में है. (ख) अम्बेटिकरा एनीकट कम डायवर्सन में ही अब तक एम-15 कांक्रीट की मात्रा का वर्ष 2006-07 में 871.92 घ.मी. एवं वर्ष 2007-08 में 230.35 घ. मी. का भुगतान किया गया है. अन्य एनीकट में एम-15 कांक्रीट का कोई कार्य अथवा भुगतान अभी तक नहीं किया गया है. जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में है. (ग) कांक्रीट स्पेसिफिकेशन के पैरा 4.3.1 के अनुसार एम-20 एवं उससे नीचे के ग्रेड में मिक्स डिजाइन की आवश्यकता अनिवार्य नहीं है इसलिये कार्य प्रभारी अभियंता की अनुमति से एम-15 का मिक्स डिजाइन नामिनल मिक्स 1: 2:4 ही किया गया है. अत: किसी कटौती अथवा अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

तांदुला जल संसाधन अनुविभाग में मुआवजे के लंबित प्रकरण

3. (*क्र. 222) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) धमधा विधान सभा क्षेत्र में तांदुला जल संसाधन विभाग के कितने जलाशयों के मुआवजा प्रकरण लंबित है ? (ख) मुआवजा प्रकरण लंबित होने के क्या कारण हैं ? (ग) मुआवजे की राशि कब तक वितरित कर दी जावेगी ?

---

† परिशिष्ट ''एक''

†† परिशिष्ट ''दो''

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) धमधा विधान सभा क्षेत्र में तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग के कुल 29 जलाशयों के मुआवजा प्रकरण लंबित है. (ख) इनमें से 16 जलाशयों के मुआवजा प्रकरण अवार्ड हेतु प्रेषित है तथा भू-अर्जन शाखा जिला-दुर्ग में प्रक्रियाधीन है एवं 13 जलाशयों के मुआवजा प्रकरण रिकार्ड दुरूस्तीकरण न होने, मुआवजा दर कम बताकर मुआवजा न लेना एवं निश्चित तिथि में खातेदारों के उपस्थित न होने से मुआवजा भुगतान लंबित है. (ग) भू-अर्जन प्रकरण का निराकरण जिला कलेक्टर द्वारा अर्धन्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाता है, अत: निराकरण की निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है.

रायगढ़ एवं जशपुर जिलों के थानों में लापता युवतियों के दर्ज प्रकरण

4. (*क्र. 438) **श्री नंदकुमार पटेल** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-2007 में रायगढ़ व जशपुर जिले में नाबालिग एवं बालिग युवतियों के गुमने संबंधी कितनी रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है ? थानेवार जानकारी देवें. (ख) कितनी युवतियों की पतासाजी करने में पुलिस को सफलता मिली है ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम ) : (क) वर्ष 2006-07 में रायगढ़ एवं जशपुर जिले में बालिग एवं नाबालिग युवतियों के गुम की जानकारी † संलग्न प्रपत्र-''अ'' में है. (ख) लापता युवतियों की पतासाजी में सफलता की जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''ब'' में है.

कोरबा जिले में रंगोले जलाशय की स्वीकृति

5. (*क्र. 462) **श्री रामदयाल उइके** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले के अंतर्गत वर्ष 2007 में स्वीकृत किन-किन सिंचाई योजनाओं का कार्य प्रारंभ हो चुका है ? (ख) क्या रंगोले जलाशय हेतु (विकासखंड पाली) राशि स्वीकृत की गई है ? यदि हां, तो कार्य कब तक प्रारंभ कर दिया जावेगा ? (ग) उक्त बांध के निर्माण से कितने हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव ) : (क) कोरबा जिले के अंतर्गत वर्ष 2006-07 में प्रारंभ किये गये निर्माण कार्य की सूची †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) रंगोले जलाशय हेतु रु. 93.74 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है. इस वर्ष कार्य प्रारंभ कर दिया जावेगा. (ग) उक्त बांध के निर्माण से 130 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी.

रायपुर महासमुंद जिले के सहकारी विपणन संघ द्वारा संचालित राईस मिल

6. (*क्र. 104) **डॉ. हरिदास भारद्वाज** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर एवं महासमुंद जिला अंतर्गत 15 जून, 2007 की स्थिति में सहकारी किसान विपणन संघ की कितनी राइस मिलें संचालित है ? कितनी बंद है ? कितनी चालू है ? नाम सहित अलग-अलग बतायें ? (ख) 01 जनवरी, 2007 से 15 जून, 2007 की स्थिति में उक्त राइस मिलों को कितने-कितने क्विंटल कस्टम मिलिंग के लिये धान दिया गया ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम ) : (क) प्रश्नांश अंतर्गत विपणन संघ की कुल 7 राईस मिलें संचालित हैं. 3 बंद, 4 चालू है.

| जिला | राईस मिल का नाम | स्थिति |
|---|---|---|
| रायपुर | नूतन किसान राईस मिल, रायपुर | बंद |
| | पहाड़ी राईस मिल, रायपुर | चालू |
| | किसान राईस मिल, भाटापारा | चालू |
| | किसान राईस मिल, बलौदा बाजार | चालू |
| | किसान राईस मिल, पलारी | चालू |
| महासमुंद | किसान राईस मिल बागबाहरा | बंद |
| | किसान राईस मिल, बसना | बंद |

† परिशिष्ट ''तीन'' †† परिशिष्ट ''चार''

(ख) प्रश्नांश क अनुसार चालू राईस मिलों को कस्टममिलिंग हेतु 1 जनवरी, 2007 से 15 जून, 207 तक की स्थिति में दिये गये धान का विवरण निम्नानुसार है :—

| राईस मिल का नाम | मात्रा |
|---|---|
| पहाड़ी राईस मिल, रायपुर | 10272 क्विं. |
| किसान राईस मिल, भाटापारा | 14200 क्विं. |
| किसान राईस मिल, बलौदा बाजार | 13800 क्विं. |
| किसान राईस मिल पलारी | 12802 क्विं. |

सालहेटोला से भरकुट्टी सड़क निर्माण संबंधी

7. ( *क्र. 393) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कांकेर जिले के साल्हेटोला से भरकुट्टी सड़क निर्माण हेतु टेंडर कब जारी किये गए ? कितने निविदाकारों ने भाग लिया ? किसे व कब कार्यादेश दिया गया ? कार्य की लागत सहित जानकारी दें ? (ख) कार्य पूर्ण करने हेतु अनुबंध में समय-सीमा क्या थी ? क्या समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया गया ? यदि नहीं, तो कार्य कब तक सम्पन्न हुआ ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : दिनांक 16-10-2004 को. 6 निविदाकारों ने भाग लिया, श्रीमती शिरोमणी माथुर, अ-4 वर्ग ठेकेदार दल्लीराजहरा को दिनांक 31-1-2005 को कार्यादेश दिया गया, लागत रुपये 153.00 लाख. (ख) 9 माह वर्षा ऋतु सहित. जी नहीं. कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है.

विधान सभा क्षेत्र कटघोरा में लंबित सिंचाई योजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति

8. ( *क्र. 383) **श्री बोधराम कंवर :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र कटघोरा, जिला कोरबा की कौन-कौन सी सिंचाई योजनाएं प्रशासकीय स्वीकृति हेतु शासन स्तर पर कब से लंबित हैं ? प्रत्येक की लागत व सिंचाई क्षमता क्या है ? विकासखण्डवार जानकारी दें.

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : विधान सभा क्षेत्र-कटघोरा, जिला-कोरबा की लोटनपारा व्यपवर्तन योजना की प्रशासकीय स्वीकृति हेतु, माह जून, 2007 में प्राप्त प्रकरण में, विसंगतियों के निराकरण की कार्यवाही विभागीय स्तर पर प्रक्रियाधीन है. जिसकी लागत रुपये 386.46 लाख एवं सिंचाई क्षमता 485 हेक्टेयर है. योजना विकासखण्ड-पाली में प्रस्तावित है.

शिवनाथ नदी पर स्थित एनीकट का अनुबंध

9. ( *क्र. 455) **डॉ. बालमुकुन्द देवांगन :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या दुर्ग जिले के शिवनाथ नदी पर स्थित एनीकट का अनुबंध रेडियस वाटर कंपनी से किया गया था ? (ख) यदि हां, तो क्या उक्त कंपनी से किया गया अनुबंध लोक लेखा समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के परिप्रेक्ष्य में रद्द किया जा चुका है ? यदि नहीं, तो क्यों एवं कब तक कर दिया जावेगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) जी हां. (ख) जी नहीं. लोक लेखा समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार अनुबंध रद्द करने के संबंध में विधि विभाग एवं महाधिवक्ता से अभिमत प्राप्त किया जा रहा है. अभिमत प्राप्त होते ही आगामी कार्यवाही की जायेगी.

शिविरों में निवासरत ग्रामीणों की कृषि भूमि का रकबा

10. ( *क्र. 355) **डॉ. ( श्रीमती ) रेणु जोगी :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में नक्सली गतिविधि के चलते अपना घर छोड़कर कितने ग्रामवासी विभिन्न शिविरों में रह रहे हैं ? कितने ग्राम पूर्ण रूप से तथा कितने ग्राम आंशिक रूप से वीरान है? (ख) विभिन्न शिविरों में रहने वाले आदिवासी परिवारों की संख्या कितनी है ? (ग) वीरान ग्रामों में कृषि भूमि का रकबा कितना है तथा औसत उत्पाद कितना है, जिसमें विगत वर्ष कास्त नहीं किया जा सका है ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : (क) 59202. 99 ग्रामों के पूर्ण रूप से तथा 404 ग्रामों के आंशिक रूप से परिवार राहत शिविरों में रह रहे हैं. (ख) 9926. (ग) 15394.187 हेक्टेयर. विगत वर्ष औसत उत्पाद 51929.864 क्विंटल है जिसमें विगत वर्ष कास्त नहीं किया जा सका.

पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी को प्रशिक्षण

11. ( *क्र. 401) **श्री प्रीतम सिंह दीवान :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कितने अधिकारी/कर्मचारी को वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में सी.टी.जे.डब्ल्यू. कॉलेज कांकेर में प्रशिक्षण के लिए भेजा गया ? (ख) क्या कॉलेज में प्रशिक्षण के लिए प्रति वर्ष संख्या निर्धारित है ? यदि हां, तो कितनी ? (ग) क्या कॉलेज में अन्य राज्य के भी प्रशिक्षु शामिल होते हैं ? यदि हां, तो अन्य राज्य के प्रशिक्षुओं के लिए कितनी संख्या निर्धारित है ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : (क) वर्ष 2005-06 में 1086 एवं वर्ष 2006-07 में 2725 अधिकारी/कर्मचारी को सी.टी.जे.डब्ल्यू. कॉलेज कांकेर में प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है. (ख) जी हां. 3600 प्रतिवर्ष. (ग) जी हां.

| राज्य | प्रशिक्षुओं की निर्धारित संख्या ( प्रति कोर्स ) |
|---|---|
| झारखंड | 100 |
| बिहार | 100 |
| उड़ीसा | 30 |
| महाराष्ट्र | 30 |
| केरल | 30 |

डभरा से मालखरौदा मार्ग में पुलिया निर्माण की जानकारी

12. ( *क्र. 48) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या जांजगीर-चांपा जिले अंतर्गत स्वीकृत गोबरा भांठा डभरा से सीपत मार्ग मालखरौदा में पुलिया निर्माण हेतु बजट में प्रावधान हैं ? यदि हां तो क्या निविदा आमंत्रित कर दी गई है ? यदि नहीं, तो कब तक कर दी जावेगी ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : जी हां, जी नहीं, निश्चित तिथि बतलाना संभव नहीं है.

औद्योगिक क्षेत्र चांपा में उद्योगों की स्थापना हेतु आवंटित भूमि

13. ( *क्र. 293) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) औद्योगिक प्रक्षेत्र चांपा में वर्ष 2004 के बाद किस-किस को उद्योग लगाने हेतु कब-कब, कितने-कितने क्षेत्रफल भूमि उद्योग लगाने हेतु आवंटित की गयी है ? (ख) उक्त अवधि में आवंटित भूमि में से 15-6-2007 तक कौन-कौन से उद्योग स्थापित नहीं किये गये ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) औद्योगिक क्षेत्र चांपा में वर्ष 2004 के पश्चात् 5 इकाईयों को उद्योग लगाने हेतु भूमि आवंटित की गई है. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. (ख) उक्त अवधि में आवंटित भूमि में 15-6-2007 तक कोई उद्योग स्थापित नहीं हुआ है.

वृक्षों की कटाई उपरान्त नीलामी से प्राप्त राजस्व

14. ( *क्र. 364) **श्री योगेश्वरराज सिंह :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या कवर्धा जिला

† परिशिष्ट ''पांच''

अंतर्गत कवर्धा-कुकमेरा सड़क निर्माण कार्य अंतर्गत वृक्षों की कटाई की गई है ? (ख) यदि हां, तो कितने और कौन-कौन से वृक्षों की कटाई की गई है ? (ग) क्या सभी वृक्षों की कटाई उपरांत नीलाम की गई ? (ग) यदि हां, तो नीलाम उपरान्त कितनी राशि शासन को जमा कराई गई ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) जी हां. (ख) † संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ग) जी नहीं. (घ) निरंक.

थाना मौदहापारा के वारंटों की तामिली

15. (*क्र. 404) **मोहम्मद अकबर :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) थाना मौदहापारा रायपुर में दिनांक 18 मार्च 2007 को कुल कितने गिरफ्तारी वारंट, किसके-किसके नाम के, कौन-कौन सी धारा के, तामिली हेतु लंबित है ? (ख) उक्त वारंटों में से किसकी-किसकी तामिली, किसके-किसके द्वारा, दिनांक 18 एवं 19 मार्च 2007 को, कहां-कहां की गई ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम ) : (क) दिनांक 18-3-2007 को थाना मौहदापारा में कुल 74 गिरफ्तारी वारण्ट लंबित थे, जिनकी जानकारी प्रपत्र ''अ'' में †† संलग्न है. (ख) वारंटों की तामिली दिनांक 18 एवं 19 मार्च 2007 की जानकारी प्रपत्र ''ब'' में †† संलग्न है.

कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड में अधिग्रहित भूमि के लंबित मुआवजा प्रकरण

16. (*क्र. 377) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या दिनांक 20 फरवरी, 2006 को पूछे गए तारांकित प्रश्न क्र. 634 के तारतम्य में कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सड़क निर्माण हेतु भू-स्वामियों के अधिग्रहित भूमि के लंबित समस्त मुआवजा प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है ? (ख) यदि हां, तो कब ? (ग) यदि नहीं तो क्यों ? कब तक कर दिया जावेगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) जी नहीं. (ख) जानकारी प्रश्नांश ''क'' के अनुसार. (ग) शीघ्र संपूर्ण भुगतान करने का प्रयास किया जा रहा है. निश्चित तिथि बताना संभव नहीं है.

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के स्वीकृत कार्यों की स्थिति

17. (*क्र. 317) **महंत रामसुंदर दास :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत शिवरीनारायण महानदी में स्टापडेम बनाने की तथा तुस्मा जलाशय की स्वीकृति बजट 2006-07 एवं 2007-08 में दी गयी है? (ख) यदि हां, तो क्या उक्त दोनों कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? (ग) उक्त दोनों कार्यों को निष्पादित करने हेतु समस्त औपचारिकतायें पूरी करके कार्य कब तक करा दिया जायेगा कृपया बतावें ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव ) : (क) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत महानदी में शिवरीनारायण स्टापडेम/एनीकट हेतु बजट वर्ष 2006-07 में प्रावधान किया गया था परन्तु बजट वर्ष 2007-08 में प्रावधान नहीं है. तुस्मा जलाशय हेतु बजट वर्ष 2006-07 एवं बजट वर्ष 2007-08 में प्रावधान किया गया है. (ख) उक्त दोनों कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान नहीं की गई. शिवरीनारायण स्टापडेम/एनीकट की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त न होने का कारण योजना का बजट वर्ष 2007-08 में सम्मिलित नहीं होना है एवं तुस्मा जलाशय की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त न होने का कारण पर्यटन विभाग से सैद्धांतिक सहमति अपेक्षित होना है. (ग) समस्त औपचारिकताएं पूरी होने पर उक्त दोनों कार्यों को 02 वर्ष में पूर्ण करा दिया जावेगा.

जेल से फरार कैदियों की जानकारी

18. (*क्र. 270) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-2007 में दिनांक 22-6-2007 तक प्रदेश की जेलों में सजा काट रहे कितने कैदियों की मौते जेल में हुई है ? मृतक का नाम, जेल, तिथि व मृत्यु के कारण सहित जानकारी देवें ? (ख) वर्ष 2006-2007 में सजा काट रहे कितने कैदी फरार हो गये ? इसके लिये कौन-कौन अधिकारी-कर्मचारी दोषी है ? उन पर क्या कार्यवाही की गई है ? जेल, कैदी का नाम बतावें ? (ग) क्या फरार कैदी को पकड़ लिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

---

† परिशिष्ट ''छ:''

†† परिशिष्ट ''सात''

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "एक" पर है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "दो" पर है. (ग) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "तीन" पर है.

## काम के बदले अनाज योजनान्तर्गत कराए गए कार्य

19. ( *क्र. 212) **श्री उदय मुदलियार :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 1 अप्रैल, 2005 से 31 मार्च, 2007 तक काम के बदले अनाज योजना के अंतर्गत कितने-कितने निर्माण कार्य, किन-किन गांवों में कराए गए ? क्या सभी कार्य पूर्ण हो गए या कुछ कार्य शेष हैं ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 1 अप्रैल, 2005 से 31 मार्च, 2007 तक काम के बदले अनाज योजना के अंतर्गत कुल 6 निर्माण कार्य ग्राम-खैरा, रवेली, फुलझर, ईरा, देवादा एवं सोनेसरार में कराए गए हैं. सभी कार्य पूर्ण हो गये हैं.

## विकासखंड मालखरौदा अंतर्गत लंबित योजनाओं की जानकारी

20. ( *क्र. 329) **श्री निर्मल सिन्हा :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मालखरौदा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2004 से कौन-कौन सी सड़क, पुल-पुलिया स्वीकृत है ? (ख) निर्माण कार्य की पूर्णता की अवधि कब तक है, पृथक-पृथक बतायें ? (ग) क्या माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा मालखरौदा क्षेत्र में अभी तक लंबित है बतायें तथा कब तक पूरा करेंगे, समय-सीमा भी बतायें ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) एवं (ख) पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ग) जी हां. शीघ्र पूरा करेंगे. निश्चित तिथि बतलाया जाना संभव नहीं है.

## झिरिया एवं बिनैका जलाशय हेतु स्वीकृत राशि

21. ( *क्र. 242) **श्री चैतराम साहू :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के भाटापारा अनुभाग के अंतर्गत झिरिया एवं बिनैका जलाशय हेतु वर्ष 2003-04 से दिनांक 22-6-2007 तक कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई ? (ख) स्वीकृत राशि में से किस-किस कार्य में कितनी राशि व्यय की गई ? वर्षवार बतावें ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) रायपुर जिले के भाटापारा अनुभाग के अंतर्गत झिरिया एवं बिनैका जलाशय हेतु वर्ष 2003-04 से दिनांक 22-6-2007 तक वर्षवार निम्नानुसार बजट राशि प्रावधानित की गई है :—

| स.क्र. | योजना | वर्षवार बजट प्रावधानित राशि | | | | ( रु. लाख में ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ष 03-04 | वर्ष 04-05 | वर्ष 05-06 | वर्ष 06-07 | वर्ष 07-08 (दिनांक 22-6-2007 तक) |
| 1. | झिरिया जलाशय | 5.00 | - | 50.00 | 1.00 | 5.00 |
| 2. | बिनैका जलाशय | 1.00 | - | 31.00 | 1.00 | 5.00 |
| | योग | 6.00 | - | 81.00 | 2.00 | 10.00 |

(ख) बजट प्रावधानित/स्वीकृत राशि में से योजना पर किया गया वर्षवार व्यय निम्नानुसार है :—

| स.क्र. | योजना | वर्षवार बजट प्रावधानित राशि | | | | ( रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ष 03-04 | वर्ष 04-05 | वर्ष 05-06 | वर्ष 06-07 | वर्ष 07-08 (दिनांक 22-6-2007 तक) |
| 1. | झिरिया जलाशय | - | - | - | - | - |
| 2. | बिनैका जलाशय | - | - | - | - | - |
| | योग | - | - | - | - | - |

धान संग्रहण केन्द्रों में फर्जी धान उठाव की दर्ज शिकायतें पर कार्यवाही

22. ( *क्र. 374) **श्री भूपेश बघेल** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या दुर्ग जिले के उतई एवं बेमेतरा थाना अंतर्गत सेलूद एवं बीजाभाठ धान संग्रहण केन्द्रों से फर्जी आर.ओ./फर्जी ट्रक नंबर एवं फर्जी फर्मों के द्वारा आर. ओ. से अधिक धान उठाव की शिकायत दर्ज की गई है ? (ख) यदि हां, तो शिकायत किसके द्वारा एवं कब की गई है ? एफ. आई. आर. कब दर्ज किया गया और किन-किन फर्मों में कब-कब छापा मारने की कार्यवाही की गई ? (ग) छापा मारने के बाद कितना धान, चांवल में जब्त किया गया एवं किन-किन फर्मों एवं किन-किन व्यक्तियों के खिलाफ क्या-क्या प्रकरण दर्ज हुये ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : (क) जी हां. (ख) 1. श्री चन्द्रप्रकाश चन्द्राकर सहायक केन्द्र प्रभारी, सेलूद एवं श्री पी. सी. राजपूत संग्रहण केन्द्र प्रभारी बीजाभाठ की रिपोर्ट पर द्वारा दिनांक 12-5-2007 को शिकायत की गई. 2. एफ. आई. आर. दिनांक 12-5-2007 को दर्ज की गई. 3. दिनांक 12-5-2007 को श्रीम ट्रेडर्स खरोरा एवं दिनांक 13-5-2007 को कृष्णा ट्रेडर्स धमधा नाका दुर्ग, विजय शर्मा खुर्सीपार भिलाई पर छापे की कार्यवाही की गई. (ग) जी हां धान 5808.45 क्विंटल और चांवल 1073.05 क्विंटल जप्त किया गया.

| फार्म का नाम | व्यक्ति का नाम | प्रकरण |
|---|---|---|
| 1. कृष्णा ट्रेडर्स राईस मिल, धमधा नाका, दुर्ग. | गणेश शर्मा, विजय शर्मा, ब्रजेश कुमार, शिव कुमार, संजय उईके जय कुमार, प्रदीप यादव, इरफान खान, रोशन जंघेल. | अप. क्रमांक 149/07 धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि. |
| 2. श्रीम ट्रेडर्स, खरोरा | अजय कुमार शर्मा, विजय कुमार, बृजेश कुमार, शिव कुमार, संजय उईके, इरफान खान, जय कुमार प्रदीप यादव. | अप. क्रमांक 187/07 धारा 420, 467, 468, 471 34 भादवि. |
| 3. मेसर्स शिव राईस मिल, दुर्ग | श्री आशिष पालीवाल एंव अन्य | अप. क्र. 176/07, धारा 120-बी, 409, 420, 34 भादवि |
| 4. मेसर्स बालाजी इण्डस्ट्रीज जेवरा, दुर्ग. | श्री गोपी जुमनानी एवं अन्य | अप. क्र. 177/07, धारा 120-बी, 409, 420, 34 भादवि |
| 5. मेसर्स संदीप ट्रेडर्स कंपनी जेवरा, दुर्ग. | श्री गोपी जुमनानी एवं अन्य | अप. क्र. 178/07, धारा 120-बी, 409, 420, 34 भादवि |
| 6. मेसर्स श्याम उद्योग, कोनारी, दुर्ग. | श्री रामफल शर्मा एवं अन्य | अप. क्र. 179/07, धारा 120-बी, 409, 420, 34 भादवि |
| 7. मेसर्स श्याम ट्रेडर्स, कुथरेला दुर्ग. | श्री रामफल शर्मा एवं अन्य | अप. क्र. 180/07, धारा 120-बी, 409, 420, 34 भादवि |
| 8. मेसर्स राधिका उद्योग, जेवरा दुर्ग. | श्री रामदेव रावटी एवं अन्य | अप. क्र. 181/07, धारा 120-बी, 409, 420, 34 भादवि |

औद्योगिक दुर्घटना में मृतकों के परिवारजनों को प्रदत्त सहायता

23. ( *क्र. 352) **श्री रविन्द्र चौबे** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वित्तीय वर्ष 2006-07 में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र में स्थापित इस्पात संयंत्रों में कितनी दुर्घटनाएं हुई ? (ख) दुर्घटनाओं में मृत, स्थायी अपंग व अस्थायी अपंग श्रमिकों को संख्या कितनी है ? उनमें से कितने श्रमिकों का बीमा कराया गया था ? (ग) औद्योगिक दुर्घटना में मृत श्रमिकों के परिवारजनों को क्या-क्या सहायता शासन द्वारा संबंधित संयंत्रों द्वारा पहुंचाई गई ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) निजी क्षेत्र में 139 एवं सार्वजनिक क्षेत्र में 163. (ख) निजी क्षेत्र में 50

एंव सार्वजनिक क्षेत्र में 05 श्रमिक मृत. स्थायी अपंग 15 एवं अस्थाई अपंग 15 श्रमिक. बीमित श्रमिक 38. (ग) कुल 55 मृतकों में से 22 श्रमिकों के आश्रितों को मुआवजा स्वरूप राशि 60,33,625 प्रदाय की गई. 6 श्रमिकों के मुआवजे की राशि रुपये 19,82,766 संबंधित श्रम न्यायालयों में जमा है. कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अंतर्गत 14 श्रमिकों के प्रकरण विचाराधीन है एवं 13 श्रमिकों के प्रकरण लंबित है.

### रायगढ़ जिले के सपनाई जलाशय से उद्योगों को जल प्रदाय

24. (*क्र. 410) **डॉ. शक्राजीत नायक** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले के अंतर्गत सपनाई डायवर्सन के निर्माण के समय वाटर प्लानिंग के अनुसार सिंचाई एवं उद्योग के लिये कितनी-कितनी मात्रा जल उपयोग हेतु निर्धारित थी? (ख) इंड एग्रो सिनर्जी उद्योग को, किसके द्वारा, कितनी मात्रा में, किस तिथि को जल आवंटन किया गया ? (ग) जल आहरण के लिये उपरोक्त उद्योग द्वारा कितने-कितने एच.पी. के पम्प स्थापित किये गये हैं ? कितने पानी का जल कर किस तिथि से किस दर पर वसूल किया जा रहा है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) सपनई व्यपवर्तन योजना के निर्माण के समय सपनई नदी के प्रवाह को व्यपवर्तित कर 810 हेक्टेयर खरीफ एवं 324 हेक्टेयर रबी की सिंचाई के लिए अधिकतम 1.00 घन मीटर जल प्रवाहित किये जाने का प्रावधान था एवं उद्योगों के लिये कोई प्रावधान नहीं था. (ख) इण्ड एग्रो सिनर्जी को अस्थाई वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में दिनांक 19-5-2004 को कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़ द्वारा नहर से जल आपूर्ति की मांग न होने पर उद्योग को पानी लेने की सशर्त अनुमति प्रदान की गई थी, इसी तारतम्य में संस्थान द्वारा औसतन प्रतिमाह 4905 क्यू. मी. (0.07 क्यूसेक) जल लिया गया. वर्तमान में इण्ड एग्रो सिनर्जी को निर्देशित किया गया है कि सपनई नहर से जल प्रदाय की अस्थाई व्यवस्था करना संभव नहीं होगा, अतः संयंत्र हेतु जल प्रदाय की व्यवस्था उन्हें सपनई नदी में स्वयं के द्वारा निर्मित किये जाने वाले इंटेकवेल एवं पाईप लाईन के माध्यम से करनी होगी, जिसकी स्वीकृति विभाग द्वारा पहले ही दी जा चुकी है. (ग) प्रश्नांश-''ख'' में दर्शायी गई व्यवस्था के अंतर्गत इण्ड एग्रो सिनर्जी लिमिटेड द्वारा वर्तमान में 40 हार्स पॉवर का एक पम्प स्थापित है. संस्थान से पम्प में लगाए गए मीटर के अनुसार, तत्कालीन निर्धारित दर रु. 1.50 प्रति घन मीटर से माह 6/2004 से 3/2006 तक तथा पुनरीक्षित दर रु. 3.60 प्रति घन मीटर के अनुसार दिनांक 1-4-2006 से जल कर वसूल किया जा रहा है.

### बाढ़ से होने वाले कटाव को रोकने के लिए शासन की योजना

25. (*क्र. 223) **श्री ताम्रध्वज साहू** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नदी तट के गांव में बाढ़ से होने वाले कटाव को रोकने के लिए जल संसाधन विभाग की क्या कार्य योजना है ? (ख) धमधा विधान सभा क्षेत्र में कौन-कौन से गांव नदी तट पर स्थित हैं, गांवों के नदी तट के कटाव को रोकने के लिए विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) नदी तट के गांव में बाढ़ से होने वाले कटाव को रोकने के लिये जल संसाधन विभाग के अंतर्गत पृथक से निश्चित कार्य योजना नहीं है, किन्तु आवश्यकतानुसार बाढ़ नियंत्रण के कार्यों को राज्य बाढ़ नियंत्रण मण्डल एवं उसकी राज्य तकनीकी सलाहकार समिति की स्वीकृति के पश्चात् विभाग द्वारा कराया जाता है. (ख) धमधा विधान सभा क्षेत्र में नदी तट पर स्थित 19 गांवों की सूची † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. नदी तट के कटाव को रोकने के लिए 02 ग्रामों में तटबंध का निर्माण किया जा चुका है एवं 3 ग्रामों में निर्माण कार्य प्रगति पर है.

----------

† परिशिष्ट ''आठ''

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 01 (क्र. 351) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**01-01-2004 से 31-05-2007 की अवधि में रायपुर एवं दुर्ग जिले में नये सीमेन्ट प्लांट लगाने हेतु प्राप्त आवेदनों की सूची**

| जिले का नाम (1) | | इकाई का नाम (2) |
|---|---|---|
| रायपुर | 1 | इमामी पेपर्स मिल लि., कोलकाता |
| | 2. | ग्रासीम इण्डस्ट्रीज लि., नागदा |
| | 3. | मोनेट इस्पात एण्ड इनर्जी लि., मंदिर हसौद |
| | 4. | रूंगटा माईन्स लि., चाईबासा |
| | 5. | श्री सीमेन्ट लि., बेवार |
| | 6. | जय बालाजी स्पांज लि., कोलकाता |
| | 7. | एम. एस. पी. स्टील एण्ड पावर लि., कोलकाता |
| | 8. | मुरली इण्डस्ट्रीज लि., नागपुर |
| दुर्ग | 1. | के. पी. सीमेन्ट मेन्यू. कं. प्रा. लि., दुर्ग |
| | 2. | मुरली इण्डस्ट्रीज लि., नागपुर |
| | 3. | एम. एस. पी. स्टील एण्ड पावर लि. कोलकाता |

प्रपत्र " ब "

**01-01-2004 से 31-05-2007 की अवधि में रायपुर एवं दुर्ग जिले में नये सीमेन्ट प्लांट में विस्तार हेतु प्राप्त आवेदनों की सूची**

| जिले का नाम (1) | | इकाई का नाम (2) |
|---|---|---|
| रायपुर | 1. | लफार्ज इंडिया प्रा. लि., मुम्बई |
| | 2. | ग्रासीम इण्डस्ट्रीज लि., नागदा |
| | 3. | अंबुजा सीमेन्ट ईस्टर्न लि., बलौदाबाजार |
| | 4. | सेन्चुरी टेक्सटाईल्स एण्ड इण्ड., मुम्बई |
| दुर्ग | 1. | ए. सी. सी. लि., मुम्बई |

प्रपत्र "स "

**01-01-2004 से 31-05-2007 की अवधि में रायपुर एवं दुर्ग जिले में नये सीमेन्ट प्लांट एवं वर्तमान प्लांट में विस्तार हेतु प्राप्त आवेदनों की वर्तमान स्थिति**

| जिले का नाम (1) | | इकाई का नाम (2) | नये प्लांट/विस्तार (3) | वर्तमान स्थिति (4) |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 1. | इमामी पेपर्स मिल लि., कोलकाता | नये प्लांट हेतु | एम. ओ. यू. किया गया है. |
| | 2. | ग्रासीम इण्डस्ट्रीज लि., नागदा | नये प्लांट हेतु | एम. ओ. यू. किया गया है. |
| | 3. | मोनेट इस्पात एण्ड इनर्जी लि., मंदिर हसौद | नये प्लांट हेतु | एम. ओ. यू. किया गया है. |
| | 4. | रूंगटा माईन्स लि., चाईबासा | नये प्लांट हेतु | एम. ओ. यू. किया गया है. |
| | 5. | सीमेन्ट लि., बेवार | नये प्लांट हेतु | एम. ओ. यू. किया गया है. |
| | 6. | लफार्ज इंडिया प्रा. लि., मुम्बई | विस्तार हेतु | निर्माण कार्य चालू है. रु. 70 करोड़ का निवेश किया जा चुका है. |
| | 7. | ग्रासीम इण्डस्ट्रीज लि., नागदा | विस्तार हेतु | एम. ओ. यू. किया गया है. |
| | 8. | अंबुजा सीमेन्ट ईस्टर्न लि., बलौदाबाजार | विस्तार हेतु | एम. ओ. यू. किया गया है. |
| | 9. | सेन्चुरी टेक्सटाईल्स एण्ड इण्ड., मुम्बई | विस्तार हेतु | एम. ओ. यू. किया गया है. |
| दुर्ग | 1. | ए. सी. सी. लि., मुम्बई | विस्तार हेतु | निर्माण कार्य चालू है. रु. 07 करोड़ का निवेश किया जा चुका है. |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 02 (क्र. 409) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

| स. क्र. | एनीकट का नाम (निर्माणाधीन) | निर्माण प्रारंभ का वर्ष | एनीकट की लंबाई (मीटर में) | प्राक्कलन के अनुसार रेनफोर्समेंट की मात्रा | | | | | एम-15 (1:2:4) कांक्रीट की मात्रा/राशि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8mm | 10mm | 12mm | 16mm | 20mm | कांक्रीट की मात्रा (घ. मी.) | भुगतान की गई मात्रा (घ. मी.) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
| 1. | - | 2005-06 | | | | निरंक | | | | |
| | मांड एनीकट (नीचेपारा) | 2006-07 | 135.10 | 30625 | - | - | 14202 | 14826 | 596.73 | शून्य |
| | - | 2007-08 | - | - | - | - | - | - | - | शून्य |
| 2. | अंबेटिकरा एनीकट कम व्यपवर्तन | 2006-07 | 190.00 | 42475 | - | - | 178905 | - | 8697.30 | 871.92 |
| | - | 2007-08 | - | - | - | - | - | - | - | 230.49 |
| 3. | बेहरापाली एनीकट | 2006-07 | 102.80 | - | 27624 | - | 1850 | - | 223.73 | शून्य |
| | - | 2007-08 | - | - | - | - | - | - | - | शून्य |
| 4. | (कारी छापर) सपनई एनीकट | 2006-07 | 63.60 | - | 16723 | - | 1175 | - | 223.73 | शून्य |
| | - | 2007-08 | - | - | - | - | - | - | - | शून्य |
| 5. | माधोपाली एनीकट | 2006-07 | 80.00 | - | 2334 | - | 1000 | - | 20.86 | शून्य |
| | - | 2007-08 | - | - | - | - | - | - | - | शून्य |
| 6. | बेलादुला एनीकट | 2007-08 | 104.30 | - | 21013 | - | 1300 | - | 278.91 | शून्य |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्र. 438) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**वर्ष 2006-07 में युवतियाँ गुम होने की जानकारी**

| क्र. | थाना | सफलता | | |
|---|---|---|---|---|
| | | नाबालिग | बालिग | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| **जिला रायगढ़** | | | | |
| 1. | कोतवाली | 8 | 21 | 29 |
| 2. | कोतरारोड | 7 | 5 | 12 |
| 3. | चक्रधरनगर | 5 | 2 | 7 |
| 4. | पुसौर | 3 | 1 | 4 |
| 5. | सारंगगढ़ | 12 | 8 | 20 |
| 6. | बरमकेला | 0 | 1 | 1 |
| 7. | सरिया | 2 | 1 | 3 |
| 8. | कोसीर | 0 | 2 | 2 |
| 9. | खरसिंया | 9 | 9 | 18 |
| 10. | तमनार | 0 | 5 | 5 |
| 11. | छाल | 2 | 0 | 2 |
| 12. | भूपदेवपुर | 6 | 3 | 9 |
| 13. | घरघोड़ा | 4 | 3 | 7 |
| 14. | धरमजयगढ़ | 1 | 1 | 2 |
| 15. | लैलूंगा | 2 | 1 | 3 |
| 16. | कापू | 3 | 4 | 7 |
| | **योग** | **64** | **67** | **131** |
| **जिला जशपुर** | | | | |
| 1. | जशपुर | 6 | 2 | 8 |
| 2. | कुनकुरी | 0 | 1 | 1 |
| 3. | दुलदुला | 3 | 1 | 4 |
| 4. | सन्ना | 1 | 0 | 1 |
| 5. | आस्ता | 2 | 0 | 2 |
| 6. | बगीचा | 3 | 3 | 6 |
| 7. | तपकरा | 2 | 3 | 5 |
| 8. | नारायणपुर | 1 | 2 | 3 |
| 9. | कांसाबेल | 5 | 3 | 8 |
| 10. | पत्थलगांव | 8 | 8 | 16 |
| 11. | फरसाबहार | 2 | 0 | 2 |
| 12. | बागबहार | 3 | 3 | 6 |
| | **योग** | **36** | **26** | **62** |

प्रपत्र "ब"

## लापता युवतियों की पतासाजी में सफलता

| क्र. | थाना | सफलता | | |
|---|---|---|---|---|
| | | नाबालिग | बालिग | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| **जिला रायगढ़** | | | | |
| 1. | कोतवाली | 6 | 16 | 22 |
| 2. | कोतरारोड | 6 | 4 | 10 |
| 3. | चक्रधरनगर | 5 | 2 | 7 |
| 4. | पुसौर | 2 | 1 | 3 |
| 5. | सारंगगढ़ | 11 | 6 | 17 |
| 6. | बरमकेला | 0 | 0 | 0 |
| 7. | सरिया | 2 | 1 | 3 |
| 8. | कोसीर | 0 | 2 | 2 |
| 9. | खरसिंया | 4 | 6 | 10 |
| 10. | तमनार | 0 | 5 | 5 |
| 11. | छाल | 0 | 0 | 0 |
| 12. | भूपदेवपुर | 5 | 3 | 8 |
| 13. | घरघोड़ा | 4 | 2 | 6 |
| 14. | धरमजयगढ़ | 1 | 1 | 2 |
| 15. | लैलूंगा | 2 | 1 | 3 |
| 16. | कापू | 3 | 3 | 6 |
| | **योग** | **51** | **53** | **104** |
| **जिला जशपुर** | | | | |
| 1. | जशपुर | 6 | 2 | 8 |
| 2. | कुनकुरी | 0 | 1 | 1 |
| 3. | दुलदुला | 3 | 1 | 4 |
| 4. | सन्ना | 1 | 0 | 1 |
| 5. | आस्ता | 2 | 0 | 2 |
| 6. | बगीचा | 3 | 2 | 5 |
| 7. | तपकरा | 1 | 3 | 4 |
| 8. | नारायणपुर | 0 | 1 | 1 |
| 9. | कांसाबोल | 5 | 3 | 8 |
| 10. | पत्थलगांव | 6 | 4 | 10 |
| 11. | फरसाबहार | 1 | 0 | 1 |
| 12. | बागबहार | 2 | 3 | 5 |
| | **योग** | **30** | **20** | **50** |

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 05 (क्र. 462) के भाग (क) की जानकारी ]

### निर्माणाधीन योजनाओं की जानकारी

| क्र. | योजना का नाम | जिला | विधान सभा क्षेत्र | विकासखंड | कार्य प्रारंभ करने की तिथि | अभियोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | पोराभाठा जलाशय | कोरबा | तानाखार | पाली | 01-2007 | - |
| 2. | चैतमा जलाशय योजना | कोरबा | तानाखार | पाली | 01-2007 | - |
| 3. | करमोहा तालाब | कोरबा | रामपुर | कोरबा | - | तकनीकी स्वीकृति प्रक्रियाधीन. |
| 4. | गंगदेही नाला व्यपवर्तन | कोरबा | कटघोरा | कटघोरा | - | तकनीकी स्वीकृति प्रक्रियाधीन. |
| 5. | धवन नाला व्यपवर्तन | कोरबा | रामपुर | कोरबा | - | तकनीकी स्वीकृति प्रक्रियाधीन. |
| 6. | नवापारा व्यपवर्तन | कोरबा | तानाखार | पाली | 10-2006 | - |
| 7. | सिमकेंदा जलाशय | कोरबा | रामपुर | कोरबा | 02-2006 | - |
| 8. | मानिकपुर जलाशय | कोरबा | तानाखार | पाली | 02-2006 | - |
| 9. | कचंडी व्यपवर्तन जीर्णोद्धार. | कोरबा | रामपुर | कोरबा | 12-2006 | - |
| 10. | सलिहाभाटा जीर्णोद्धार | कोरबा | रामपुर | करतला | 12-2006 | - |
| 11. | तुमान स्टापडेम | कोरबा | तानाखार | पोंडीउपरोडा | 12-2006 | - |
| 12. | पुटवा स्टापडेम | कोरबा | तानाखार | पोंडीउपरोडा | 12-2006 | - |
| 13. | रामपुर जलाशय | कोरबा | तानाखार | पोंडीउपरोडा | - | तकनीकी स्वीकृति प्रक्रियाधीन एवं वन प्रकरण निराकरण. |
| 14. | कोल्गा जलाशय | कोरबा | रामपुर | कोरबा | - | निविदा आमंत्रित |
| 15. | रंगोले जलाशय | कोरबा | तानाखार | पाली | - | तकनीकी स्वीकृति प्रक्रियाधीन. |
| 16. | चीताखोल जलाशय | कोरबा | सक्ती | करतला | 02-2007 | - |
| 17. | कटघोरा व्यपवर्तन | कोरबा | तानाखार | कटघोरा | - | तकनीकी स्वीकृति हेतु सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर. |
| 18. | भलपहरी जलाशय | कोरबा | कटघोरा | पाली | 02-2007 | - |
| 19. | बनमुडा जलाशय | कोरबा | कटघोरा | पाली | 02-2007 | - |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 13 (क्र. 293) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्रमांक | इकाई का नाम | उत्पाद | क्षेत्रफल | आधिपत्य दिनांक | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | मेसर्स विशाल इण्डस्ट्रीज | फ्लाई ऐश ब्रिक्स | 10,000 वर्ग फीट | 6-10-2006 | - |
| 2. | मेसर्स महावीर इंजीनियरिंग वर्क्स. | इंजीनियरिंग फेब्रिकेशन | 10,000 वर्ग फीट | 9-06-2006 | - |
| 3. | मेसर्स नागेन्द्र इण्डस्ट्रीज | स्टेशनरी | 5,000 वर्ग फीट | 19-02-2007 | - |
| 4. | मेसर्स जनरल फार्म्युलेशन | आयुर्वेदिक औषधि | 10,000 वर्ग फीट | 9-6-2006 | - |
| 5. | मेसर्स श्याम वेयर हाउसिंग एंड पावर प्रा. लि. | रोलिंग मिल | 1,22,581 वर्गफीट | - | आधिपत्य सौंपे जाने की कार्यवाही प्रक्रिया में है. |

## परिशिष्ट "छ: "

[ तारांकित प्रश्न संख्या 14 (क्र. 364) के भाग (ख ) की जानकारी ]

### कुकमेरा से कवर्धा कि. मी. 63 से 114/4 तक काटी गई पेड़ों का विवरण

| स. क्र. | पेड़ों का विवरण | संख्या | | योग | टीप |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बायीं ओर | दायीं ओर | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | बबूल | 453 | 761 | 1214 | |
| 2. | कहुआ | 4 | - | 4 | |
| 3. | नीम | 84 | 126 | 210 | |
| 4. | सीरिज | 10 | 15 | 25 | |
| 5. | इमली | - | 1 | 1 | |
| | **योग** | **551** | **903** | **1454** | |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्र. 404) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**थाना मौदहापारा रायपुर दि. 18-3-2007 को लंबित गिरफ्तारी वारंटों की सूची**

| कुल गिरफ्तारी वारंट (1) | नाम (2) | धारा (3) |
|---|---|---|
| 1. | नवाजुल गुलाम उर्फ नवाब आ. रहीम खान मुसलमान सा. मौदहापारा रायपुर | 294, 307, 364, 120-बी, 34 भादवि |
| 2. | सलीमुद्दीन आ. रहीमुद्दीन मुसलमान परिचालक रायपुर ट्रांसपोर्ट कंपनी राजनांदगांव | 353, 186, 294, 323, भादवि |
| 3. | कलीम उर्फ लल्ला आ. सजीर खान मुसलमान सा. मौदाहा जिला हमीरपुर उ. प्र., हाल-मौदहापारा रायपुर | 457, 380 भादवि |
| 4. | रमजान उर्फ बाबा आ. सूलेमान खान सा. रजबंधा मैदान मौदहापारा रायपुर | 324 भादवि |
| 5. | अब्दुल हमीद उर्फ पप्पू आ. अब्दुल मजीद मुसलमान 20 वर्ष सा. मौदहापारा रायपुर | 294, 506, 323 भादवि |
| 6. | के. डी. प्रभाकर आ. के. डेनियल तेलगू सा. सुभाषनगर रायपुर | 379, 411 भादवि |
| 7. | जाफर आ. मो. गौस मुसलमान 24 वर्ष सा. ताज इंजीनियरिंग के पीछे सुभाषनगर रायपुर | 403 भादवि |
| 8. | जी विजय आ. जी. निगोइन उम्र 26 वर्ष सा. वेप्तापल्ली जिला गुनटूर आंध्रप्रदेश हाल रायपुर | 302 भादवि |
| 9. | मो. असलम आ. रहीम खान मुसलमान उम्र 32 सा. मौदहापारा रायपुर | 279, 338 भादवि |
| 10. | समीर खान आ. जीमल खान उम्र 32 वर्ष सा. कचहरी चौक रायपुर | 25-27 आर्म्स एक्ट |
| 11. | सलीम आ. शेख अब्बास मुसलमान 20 वर्ष सा. मौदहापारा रायपुर | 374 भादवि |
| 12. | केशवदास आ. प्रयागदास मानिकपुर उम्र 19 वर्ष सा. रामसागरपारा रायपुर | 128 भादवि |
| 13. | शंकर आ. लक्ष्मण स्वीपर 19 वर्ष सा. मौदहापारा रायपुर | 457, 380, 411 भादवि |
| 14. | सलीम आ. शेख अब्बास मुसलमान 20 वर्ष सा. मौदहापारा रायपुर | 397 भादवि |
| 15. | अनवर आ. हाजी मो. फरिस्ता सा. दुर्ग आटोमोबाईल एमजी रोड गरचा मार्केट के सामने | 138 निगो. एक्ट |
| 16. | श्री उर्फ कालिया आ. रूपलाल पनेका 19 वर्ष सा. मौदहापारा प्रकाश किराना दुकान के सामने ग्रिस कारखाना मौदहापारा रायपुर | 324 भादवि |
| 17. | जीमल आ. तैयाब अली सा. मौदहापारा रायपुर | 307 भादवि |
| 18. | द्वारिका प्रसाद आ. रविक राम चौहान गाड़ा सा. चिल्लहारी था. मस्तुरी बिलासपुर | 379, 34 भादवि |
| 19. | असलम उर्फ सलीम आ. मजूर हुसैन 21 वर्ष सा. रविदास नगर था. कामठी नागपुर | 420 भादवि |
| 20. | मोती आ. परसराम पेनका 25 वर्ष सा. मौदहापारा रायपुर | 454, 380, 436 भादवि |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 21. | हरभजन सिंह आ. हीरासिंह सा. सारदा चौक रायपुर | 279 भादवि |
| 22. | बाबा जॉनी उर्फ असलम आ. रहीम मुसलमान उम्र 24 वर्ष सा. मौदहापारा रायपुर | 420 भादवि |
| 23. | बाबूखान उर्फ लोहार आ. कल्लूखान मुसलमान उम्र 25 वर्ष सा. रजभन्दा तालाबपार रायपुर | 324 भादवि 299 जाफौ |
| 24. | निलाम्बर साहू आ. अनन्तराम साहू उम्र 35 वर्ष सा. खरिहार रोड जि. नयापारा उड़ीसा | 279, 337 भादवि 299 जौफौ |
| 25. | रविकुमार आ. सुभाष साहू उम्र 19 वर्ष सा. पुरूषोत्तमपुर जिला गंजाम उड़ीसा | 381, 411 भादवि 299 जाफौ |
| 26. | बबूलाल आ. निहालू निर्मलकर उम्र 21 वर्ष सा. अंवरी थाना कुरूद जिला धमतरी | 279, 337 भादवि |
| 27. | परसुराम आ. राजेन्द्र यादव उम्र 20 वर्ष सा. 10 बस्ती मकान नं. 93 टाटानगर जिला टाटानगर बिहार | 353, 323 भादवि |
| 28. | डाकेश्वर उर्फ डीकेश्वर आ. देवराम नगारची उम्र 22 वर्ष सा. रींगरोड के पास टिकरापारा रायपुर | 302, 34 भादवि |
| 29. | राघवेन्द्र सिंह आ. निर्भय सिंह सोरी उम्र 40 वर्ष सा. सोरर थाना गुरूर जिला दुर्ग | 306 भादवि |
| 30. | अफसर उर्फ जुम्मन आ. इस्तखार मुसलमान सा. बनारपुर मानान देवगांव जिला आजमगढ़ यू. पी. | 379, 34 भादवि |
| 31. | इफ्तेखार आ. अहमदखान 22 वर्ष सा. मौदहापारा रायपुर | 294, 323, 506-बी, 147, 148, 149 भादवि |
| 32. | रवि सद्दानी आ. लक्ष्मण सद्दानी सा. नेहरूनगर मकान नं. 68/0 थाना सुपेला भिलाई जि. दुर्ग | 420 भादवि |
| 33. | प्रेमकुमार शर्मा आ. महावीर शर्मा सा. मौदहापारा रायपुर | 279, 429 भादवि |
| 34. | नशीम उर्फ नशीमुद्दीन आ. करीम मुसलमान 30 वर्ष सा. हुसैनिया मोहल्ला था. मौदाहा जिला हमीरपुर उ. प्र. | 302, 147, 148, 149, 120-बी, 212, 216 भादवि |
| 35. | पकलू ठाकुर उर्फ नीलाध्वज ठाकुर आ. जवाहरसिंह ठाकुर 30 वर्ष सा. टेका थाना राजिम जिला रायपुर | 302, 147, 148, 149, 120-बी, 212, 216 भादवि |
| 38. | शमीम उर्फ शमीमुद्दीन आ. रजीनुद्दीन मुसलमान 26 वर्ष सा. कम्हरिया थाना मोदहा जिला हमीरपुर उ. प्र. | 302, 147, 148, 149, 120-बी, 212, 216 भादवि |
| 39. | फरीदा उर्फ फरीद अहमद आ. सिद्दीक अहमद 35 वर्ष सा. राजा तालाब था. सिविल लाईन रायपुर | 302, 147, 148, 149, 120-बी, 212, 216 भादवि |
| 40. | हीरालाल आ. रूपचंद मल सुंदरानी 50 वर्ष सा. विरदीगली मागडापारा रायपुर | 420 भादवि |
| 41. | हामिद अली आ. रमजान अली सा. मौदहापारा रायपुर | 147, 148, 149, 506-बी, 294, 323 भादवि |
| 42. | मुस्ताक अहमद आ. हबीब अहमद मुसलमान सा. मौदहापारा रायपुर | 147, 148, 149, 506-बी, 294 ,323 भादवि |
| 43. | जब्बार अली आ. मो. अली मुसलमान सा. मौदहापारा रायपुर | 147, 148, 149, 506-बी, 294, 323 भादवि |
| 44. | हिम्मतराय चौहान एम/5 लक्ष्मीप्रिंटिंग प्रेस कृष्णकुमार रोड रायपुर | 406 भादवि |
| 45. | इस्लाम अहमद आ. दीवान अहमद 19 वर्ष सा. अल्लु हाली का मकान मौदहापारा रायपुर | 403 भादवि |
| 46. | महेश उर्फ गोदू बाबा आ. जगन्नाथ साहू 40 वर्ष सा. जौरापारा रायपुर | 34 आबकारी एक्ट |
| 47. | शांता आ. लेब्बो उड़िया सा. रजबंधा तालाब पार मौदहापारा रायपुर | 457, 380 भादवि |
| 48. | मोहन आ. कालिया उड़िया सा. रजबंधा तालाब पार मौदहापारा रायपुर | 457, 380 भादवि |
| 49. | टिल्लू उर्फ रहमान आ. लालखान मुसलमान सा. रजबंधा थाना मौदहापारा रायपुर | 294, 506-बी भादवि |
| 50. | देवेन्द्र कुमार महतो उर्फ छोटू आ. राम इकबाल महतो 24 वर्ष सा. सेहरा जिला सीतामढ़ी बिहार हाल मरहीमाता नगर थाना मौदहापारा रायपुर. | 307, 34 भादवि |
| 51. | अमनीप सिंह मुलवर आ. दलजीत सिंह मुलवर 19 वर्ष सा. 7-ए/01 नेहरूनगर भिलाई जिला दुर्ग | 294, 506, 186, 323, 353 भादवि |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 52. | पंकज त्रिपाठी आ. अशोक कुमार 26 वर्ष सा. नर्मदा पारा थाना गंज रायपुर | 188, 134 भादवि |
| 53. | शिवम महोबे आ. रामजीलाल महोबे 22 वर्ष देवेन्द्र नगर रायपुर था. गंज रायपुर | 188, 134 भादवि |
| 54. | साजिद मेमन आ. अब्दुल रसीद मेमन 19 वर्ष सा. फाफाडीह रायपुर | 188, 134 भादवि |
| 55. | संतोष कुमार आ. मोहन अग्रवाल 24 वर्ष सा. भालूमाडा जि. शहडोल हाल मरहीमाता नगर रायपुर | 307 भादवि |
| 56. | शहजाद आ. कल्लाखान 20 वर्ष सा. सुभाष नगर रायपुर | 294, 506-बी, 323, 324 भादवि 25-27 आर्म्स एक्ट. |
| 57. | अब्दुल कयूम आ. अब्दुल गफ्फार उम्र 32 वर्ष सा. मौदहापारा रायपुर | 36-सी आबकारी एक्ट |
| 58. | शाहीदुद्दीन उर्फ शाहिद आ. मोइनुद्दीन शेख 19 वर्ष सा. ताज इंजिनियरिंग के पास सुभाष नगर मौदहापारा रायपुर | 509, 506 भादवि |
| 59. | शेख इरफान आ. शेख गफ्फार अफरोज बाग मौदहापारा रायपुर | 359, 506 भादवि |
| 60. | कमलनारायण आ. वकीलदास मनाडे उम्र 35 वर्ष सा. मुजगहन सेज बहार के आगे रायपुर | 379 भादवि |
| 61. | आनंद शुक्ला आ. रमाकांत रामेश्वर नगर थाना खामतराई रायपुर | 403 भादवि |
| 62. | नासिर खान आ. बाबूखान पठान सा. मौदहापारा रायपुर | 279 भादवि |
| 63. | अशोक उर्फ राहूल आ. श्यामराव उम्र 22 वर्ष सा. सृष्टि अपार्टमेंट शंकर नगर रायपुर | 224 भादवि |
| 64. | तोताराम आ. जगदीश 24 वर्ष सिंधी स्कूल के सामने रामसागर पारा थाना आजाद चौक रायपुर | 34 आबकारी एक्ट |
| 65. | अजीत जोगी आ. काशी प्रसाद जोगी जाति जोगी सा. सागौन बंगला कटोरा तलाब रायपुर | 302 भादवि सहपठित 120-बी 427 भादवि. |
| 66. | केशव देशमुख आ. झाडूराम देशमुख 44 वर्ष सा. ओसवाल भवन डौंडीलोहारा जि. दुर्ग | 379 भादवि |
| 67. | शरीफ अहमद आ. मकीम अहमद 24 वर्ष सा. सुभाष नगर मौदहापारा रायपुर | 341, 294, 506 भादवि |
| 68. | फैयाज अहमद आ. मो. शरीफ 35 वर्ष सा. रजबंधा तालाब पार रायपुर | 34 आबकारी एक्ट |
| 69. | वेणु गोपाल-प्रोपाइटर छ. ग. कम्प्यूटर सिंडिकेट निवासी एमआईजी 102/201 हुडको भिलाई हाल फरिशता कॉम्पलेक्स जी. ई. रोड रायपुर. | न्यायालय द्वारा धारा दर्ज नहीं किया है |
| 70. | जीमल आ. वजीर हुसैन 28 वर्ष सा. न्यू शांतिनगर पाई फैक्ट्री के पास सिविल लाईन रायपुर | 4-क जुआ एक्ट |
| 71. | ज्यलाल उर्फ पत्रा आ. मेहतर उर्फ मंगलू साहू सा. तारालीमा था. बेरला जि. दुर्ग | 457, 453 भादवि |
| 72. | हिम्मतराय चौहान प्रेस के. के. रोड जयस्तंभ चौक रायपुर भागीदार मे. लक्ष्मी प्रिंटिंग प्रेस रायपुर | 138 एन. एक्ट |
| 73. | जमीर अहमद आ. बशीर अहमद 26 वर्ष सा. कोटा मस्जिद के पास थाना अमानाका रायपुर | 379 भादवि |
| 74. | आर. एस. राणा एम. डी. मे. राना प्रोजेक्ट इंटरनेशनल आफिस आर. डी. बिल्डिंग शारदा चौक रायपुर | एन 1 बी डब्ल्यू+ 82, 83 जाफौ 138 एन. एक्ट. |

प्रपत्र "ब"

1. **दि. 18-3-07 के तामिल गिरफ्तारी वारंटों की सूची**

| कुल तामिली (1) | वारंटियों का नाम जिसे तामिल किया गया है (2) | तामीलकर्ता (3) | तामीली स्थान (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | शहजाद आ. कल्लाखान 20 वर्ष सा. सुभाष नगर रायपुर | श्रीमती हाजराबानो खान | सुभाष नगर रायपुर |
| 2. | अजीत पी. के. जोगी आ. काशी प्रसाद जोगी सा. सागौन बंगला कटोरा तलाब रायपुर. | निरी. विरेन्द्र शर्मा | गंडई जिला राजनांदगांव |

2. **दिनांक 19-03-07 को वारंट तामिली-निरंक**

परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 25 (क्र. 223) के भाग (ख ) की जानकारी ]

**धमधा विधान सभा क्षेत्र में नदी तट पर स्थित ग्रामों का नाम**

| विकासखण्ड (1) | | ग्राम का नाम (2) | नदी का नाम (3) | अभियुक्ति (4) |
|---|---|---|---|---|
| धमधा | 1. | देऊरकोना | आमनेर | निर्माणाधीन |
| | 2. | तुमाखुर्द | आमनेर | - |
| | 3. | सोनेसरार | शिवनाथ | - |
| | 4. | भाठा कोकड़ी | आमनेर | - |
| | 5. | खिलौराखुर्द | आमनेर | - |
| | 6. | सुखरीकला | आमनेर | निर्माणाधीन |
| | 7. | सुखरीखुर्द | आमनेर | - |
| | 8. | भिभौरी | शिवनाथ | - |
| | 9. | सगनी | शिवनाथ | - |
| | 10. | परसदा | शिवनाथ | - |
| | 11. | पथरिया | शिवनाथ | - |
| | 12. | सहगांव | शिवनाथ | - |
| | 13. | अकोली | शिवनाथ | - |
| | 14. | डांडेसरा | शिवनाथ | निर्माणाधीन |
| | 15. | मंदिर खिलौरा | आमनेर | - |
| | 16. | झेंझरी | शिवनाथ | - |
| | 17. | भटगांव | शिवनाथ | - |
| | 18. | मुड़पार | आमनेर | निर्मित |
| | 19. | गनियारी | शिवनाथ | निर्मित |